गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2021

22.11.2021

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिंग कम्प्लायेंस<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400 051<br>**स्क्रिप कोड: गेल-ईक्यू** | 2. लिस्टिंग कम्प्लायेंस,<br>बीएसई लिमिटेड<br>फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई- 400001<br><br>**स्क्रिप कोड: 532155** |

**विषय : स्वतंत्र निदेशक(कों) की नियुक्ति**

महोदय/महोदया,

यह उपर्युक्त वर्णित विषय पर दिनांक 09.11.2021 के हमारे समसंख्यक पत्र के अनुक्रम में है ।

यह सूचना निम्नलिखित छ: गैर-आधिकारिक स्वतंत्र निदेशकों के संबंध में है जो निम्नानुसार है :-

1. श्री अखिलेश जैन
2. श्री शेर सिंह
3. श्री संजय कश्यप
4. डॉ. एन. नन्दगोपाल
5. श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी
6. प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे

**1. श्री अखिलेश जैन**

**क) संक्षिप्त प्रोफाइल :-**

**श्री अखिलेश जैन** वाणिज्य में स्नातकोत्तर, एल.एल.बी. और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के फेलो सदस्य हैं। 19 वर्षों से अधिक के पेशेवर करियर में उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सहकारी क्षेत्र, निजी क्षेत्र की कंपनियों, रक्षा इकाइयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठान के अन्य फर्मों की ऑडिट, कंपनी कानून के मामलों में परामर्श, आयकर मामलों और अन्य राजकोषीय कानूनों के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान की हैं।

ख) <u>निदेशकों के मध्य संबंधों का प्रकटीकरण</u>

**श्री अखिलेश जैन** का कंपनी के अन्य निदेशक(कों) के साथ आपस में कोई संबंध नहीं है ।

ग) इसके अतिरिक्त पुष्टि की जाती है कि **श्री अखिलेश जैन** सेबी / कारपोरेट कार्य मंत्रालय या किसी अन्य प्राधिकरण के किसी भी आदेश के आधार पर निदेशक का पद संभालने से वर्जित नहीं हैं ।

2. श्री शेर सिंह

क) संक्षिप्त प्रोफाइल :-

**श्री शेर सिंह** उत्तर प्रदेश के आगरा विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर हैं। उन्होंने शिक्षा परामर्श, बागवानी, पर्यावरण अनुकूल रियल एस्टेट विकास, शिक्षा और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से समाज कल्याण के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

ख) <u>निदेशकों के मध्य संबंधों का प्रकटीकरण</u>

**श्री शेर सिंह** का कंपनी के अन्य निदेशक(कों) के साथ आपस में कोई संबंध नहीं है ।

ग) इसके अतिरिक्त पुष्टि की जाती है कि **श्री शेर सिंह** सेबी या किसी अन्य प्राधिकरण के किसी भी आदेश के आधार पर निदेशक का पद संभालने से वर्जित नहीं हैं ।

3. श्री संजय कश्यप

क) संक्षिप्त प्रोफाइल :-

**श्री संजय कश्यप** विभिन्न विश्वविद्यालयों और प्रसिद्ध संस्थानों से प्रबंधन, समाजशास्त्र, पर्यावरण और प्रशिक्षण तथा विकास में स्नातकोत्तर हैं। वह विज्ञान और कानून में भी स्नातक हैं। 22 वर्ष से अधिक के पेशेवर करियर में, उन्होंने आपराधिक, सिविल, पर्यावरण और उपभोक्ता संबंधी मामलों में जिला सिविल कोर्ट, गाजियाबाद में एक अधिवक्ता के रूप में कानूनी परामर्श के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान की हैं। इसके अलावा श्री संजय कश्यप की देशव्यापी जल संबंधी मामलों में विशेषज्ञता की एक और विशिष्ट पहचान है।

ख) <u>निदेशकों के मध्य संबंधों का प्रकटीकरण</u>

श्री संजय कश्यप का कंपनी के अन्य निदेशक(कों) के साथ आपस में कोई संबंध नहीं है ।

ग) इसके अतिरिक्त पुष्टि की जाती है कि श्री संजय कश्यप सेबी या किसी अन्य प्राधिकरण के किसी भी आदेश के आधार पर निदेशक का पद संभालने से वर्जित नहीं हैं ।

4. डॉ. एन. नन्दगोपाल

क) **संक्षिप्त प्रोफाइल :-**

एक संरचनात्मक जीव-वैज्ञानिक डॉ. एन. नन्दगोपाल ने जापान के नागोका तकनीकी विश्वविद्यालय से जापानी सरकार की प्रतिष्ठित "एमओएनबीयूएसएचओ" फ़ेलोशिप पर पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त किया। उन्होंने श्रीराम कृष्ण मिशन विद्यालय, कोयंबटूर से भौतिक विज्ञान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की । उन्हें औषधि अनुसंधान व विकास के क्षेत्र में 15 वर्ष का बृहद अनुभव का श्रेय प्राप्त है।

ख) **<u>निदेशकों के मध्य संबंधों का प्रकटीकरण</u>**

डॉ. एन. नन्दगोपाल का कंपनी के अन्य निदेशक(कों) के साथ आपस में कोई संबंध नहीं है ।

ग) इसके अतिरिक्त पुष्टि की जाती है कि डॉ. एन. नन्दगोपाल सेबी या किसी अन्य प्राधिकरण के किसी भी आदेश के आधार पर निदेशक का पद संभालने से वर्जित नहीं हैं ।

5. **श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी**

क) **संक्षिप्त प्रोफाइल :-**

**श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी** मणिपुर की एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह सोशल वर्क में स्नाताकोत्तर है। उन्होंने समाज के लिए अपने जीवन का लगभग 15 वर्ष व्यतीत किए हैं। उन्होंने जिला परिषद के सदस्य एवं प्रधान के रुप में सेवाएं प्रदान की हैं। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र में कई पहलों का सफलतापूर्वक संचालन किया है तथा समाज के लिए सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयासरत रही हैं।

ख) **<u>निदेशकों के मध्य संबंधों का प्रकटीकरण</u>**

श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी का कंपनी के अन्य निदेशक(कों) के साथ आपस में कोई संबंध नहीं है ।

ग) इसके अतिरिक्त पुष्टि की जाती है कि **श्रीमती कंगाबम इनोचा देवी** सेबी या किसी अन्य प्राधिकरण के किसी भी आदेश के आधार पर निदेशक का पद संभालने से वर्जित नहीं हैं ।

6. **प्रो. डॉ. रविकांत कोल्हे**

क) **संक्षिप्त प्रोफाइल :-**

**प्रो. रविकांत** कोल्हे संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय, अमरावती से संबद्ध जी.एस. टोम्पे कॉलेज, चंदूर बाजार में उच्च शैक्षणिक ग्रेड में कॉमर्स के जूनियर लेक्चरर हैं। वह अमरावती उच्च शिक्षा बोर्ड में एक प्रसिद्ध लेक्चरर थे। वह जीएस टोम्पे कॉलेज, चंदूर बाजार में एकाउंटेंसी और सेक्रेटरी प्रैक्टिस विषय पढ़ा रहे हैं। जी.एस. टोम्पे सार्वजनिक ट्रस्ट में उन्हें एक अच्छे लेक्चरर के रूप में सम्मानित किया गया। प्रो. रविकांत कोल्हे ने वर्ष 1987 और 1990 में श्रीमती के.एल. कॉलेज, अमरावती और संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय, अमरावती से क्रमश: बी.कॉम और

एम.कॉम किया तथा दोनों परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी हासिल की। उन्होंने वर्ष 2017 में संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय से वाणिज्य में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की।

ख) <u>निदेशकों के मध्य संबंधों का प्रकटीकरण</u>

प्रो. रविकांत कोल्हे का कंपनी के अन्य निदेशक(कों) के साथ आपस में कोई संबंध नहीं है।

ग) इसके अतिरिक्त पुष्टि की जाती है कि प्रो. रविकांत कोल्हे सेबी या किसी अन्य प्राधिकरण के किसी भी आदेश के आधार पर निदेशक का पद संभालने से वर्जित नहीं हैं।

यह सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के अनुपालन में है।

उपर्युक्त आपके सूचनार्थ एवं रिकार्ड हेतु है।

**धन्यवाद,**

**भवदीय,**

अनिल कुमार

कृ. **(ए. के. झा)**
**कंपनी सचिव**

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051

   ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

2. लंदन स्टॉक एक्सचेंज
   रेगुलेटरी न्यूज सर्विस डिपार्टमेंट (आरएनएस)
   10, पेटरनोस्टर स्क्वेयर
   लंदन EC4M 7LS

   *एवीएस न.-* 240039

3. आईडीबीआई ट्रस्टशिप सर्विसेज़ लिमिटेड,
   एशियन बिल्डिंग, भू-तल,
   17, आर. कमानी मार्ग, बलार्ड एस्टेट,
   मुम्बई-400 002